# हिंगोनिया दर्शन

श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट, जयपुर


SRI KRISHNA BALRAM SEVA TRUST

नगर निगम, जयपुर

18,000+ गौवंश

नमो ब्रह्मण्य-देवाय गौ-ब्राह्मण-हिताय च। जगद्धिताय कृष्णाय गोविन्दाय नमो नमः।।

द्विभाषी मासिक ई-पत्र | अक्टूबर 2024



श्री कृष्ण बलराम सेवा ट्रस्ट, जयपुर

+91 91166 12180 hingonia_goshala hingonia.org

# शास्त्रों में गोपाष्टमी :



गोपाष्टमी के महत्व को विडियो के माध्यम से जानने के लिए नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन करें!

कार्त्तिके तु शुक्लाष्टमी स्मृता गोपाष्टमी बुधैः।
तद्दिनात् वासुदेवोऽभूत् गोपः पूर्वं तु वत्सपः ।

**- पद्म पुराण के कार्त्तिक-माहात्म्य**

**अर्थात्**

" कार्त्तिक मास की शुक्ल पक्ष की आठवीं तिथि गोपाष्टमी कहलाती है। इस तिथि से भगवान वासुदेव (श्री कृष्ण) ग्वालों के रूप में अपना कार्य करने लगे, इससे पहले वे बछड़ों की देखभाल करते थे! "

# विषय सूची

1 श्रीमती कुसुम यादव, मेयर, जयपुर नगर निगम हेरिटेज विजिट
2 श्री प्रहलाद सहाय नागा, डायरेक्टर गोपालन विजिट
3 श्री आलोक शर्मा, डायरेक्टर, IOC CBG प्लांट विजिट
4 SKIT कॉलेज, विजिट
5 बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौवंश की सेवा
6 Thank You IRCTC for CSR Support
7 श्री कृष्ण गौसेवा संस्था द्वारा गोवंशो हेतु शेड का निर्माण NEW UPDATE
8 ओम प्रमिला स्टॉक्स प्रा. लि. द्वारा चारा ठान का निर्माण NEW UPDATE
9 RKPC वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा नये शेड निर्माण का भूमि पूजन NEW UPDATE
10 "सिरोही साथी हाथ बढ़ाना" ग्रुप द्वारा गौसेवा
11 फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन
12 गौसेवेकों द्वारा गौशाला में गौसेवा
13 प्रसादम
14 बाल गोपाल रेस प्रतियोगिता आयोजन
15 मीडिया न्यूज़
16 ECO फ्रेंडली दिवाली उपहार वितरण
17 गौसेवा की कुछ झलकियाँ सोशल मीडिया पर
18 गौसेवा तालिका, अकाउंट एवं QR कोड

# श्रीमती कुसुम यादव, मेयर, जयपुर नगर निगम हेरिटेज विजिट



श्रीमती कुसुम यादव, मेयर, नगर निगम (हेरिटेज), जयपुर ने हाल ही में हिंगोनिया गौशाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गौवंशों की देखभाल और गौशाला में हो रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही, उन्होंने गौसेवकों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं और सुझावों को भी सुना।







इस अवसर पर माननीय द्वारा गायों को हरा चारा एवं गुड खिला करके गौसेवा की, एवं अपने सहयोग और समर्थन का भी आश्वासन दिया।



# श्री प्रहलाद सहाय नागा, डायरेक्टर गोपालन विजिट



श्री प्रहलाद सहाय नागा, गोपालन निदेशक द्वारा विश्व पशु दिवस पर हिंगोनिया गौशाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गौसेवकों और पशु प्रेमियों के साथ मिलकर गौसेवा का कार्य किया और गोवंश के संरक्षण पर बल दिया। विश्व पशु दिवस का उद्देश्य सभी पशुओं के प्रति दयालुता और सम्मान बढ़ाना है!

श्री नागा ने इस अवसर पर गौसेवकों को प्रेरित किया और कहा कि पशुओं के कल्याण में हम सभी की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि गौसेवा न केवल हमारी संस्कृति का हिस्सा है बल्कि इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।








इस अवसर पर माननीय द्वारा गायों को हरा चारा एवं गुड खिला करके गौसेवा की, एवं पशु अस्पताल का दौरा भी किया!



# श्री आलोक शर्मा, डायरेक्टर, IOC CBG प्लांट विजिट



श्री आलोक शर्मा, जो इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) के डायरेक्टर हैं, ने हाल ही में CBG प्लांट का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने CBG उत्पादन की प्रक्रियाओं, स्थिरता के पहलुओं, और पर्यावरण पर इसके सकारात्मक प्रभावों का निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने CBG प्लांट के संचालन और जैविक कचरे से ऊर्जा उत्पादन में इसकी भूमिका की सराहना की।





इस अवसर पर, श्री शर्मा ने स्वयं गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाकर सेवा का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्होंने प्लांट परिसर में पौधारोपण भी किया।





# SKIT कॉलेज विजिट




रामनगरिया, जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (SKIT) के प्रोफेसर्स और छात्रों के एक समूह ने हाल ही में हिंगोनिया गौशाला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गौवंशों की सेवा की और प्रसाद ग्रहण कर आनंद लिया। गौशाला में पशुओं की देखभाल और उनके संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो कि छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक और सेवा भावना से परिपूर्ण अनुभव रहा।

ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ-साथ उन्हें समाज और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाते हैं।



# बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौवंश की सेवा



हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में संचालित पशु अस्पताल में निगम द्वारा लाए गए वृद्ध, दुर्घटनाग्रस्त, असहाय, मासूम और बीमार गौवंशों का इलाज नियमित रूप से किया जा रहा है। यहां अनुभवी चिकित्सा कर्मियों और नर्सिंग स्टाफ की एक समर्पित टीम काम करती है, जो इन गायों की देखभाल और उपचार के लिए हर संभव प्रयास करती है।







इस अस्पताल में विशेष रूप से उन गौवंशों का इलाज किया जाता है, जिन्हें सड़कों से बचाया गया है या जो किसी दुर्घटना में घायल हो गए हैं। यह केंद्र बीमार और असहाय गायों के लिए एक महत्वपूर्ण सहायता केंद्र के रूप में कार्य करता है, जहां उन्हें उचित उपचार और देखभाल मिलती है। इस सेवा का उद्देश्य न केवल गायों को स्वस्थ बनाना है, बल्कि उन्हें सम्मानपूर्वक पुनर्वास भी प्रदान करना है, ताकि वे अपने जीवन का संतोषपूर्वक आनंद ले सकें।







# Thank You IRCTC for CSR Support

IRCTC (इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन) की स्थापना भारतीय रेलवे ने 27 सितंबर 1999 को की थी। इसका उद्देश्य रेलवे की कैटरिंग और पर्यटन सेवाओं का प्रबंधन और आधुनिकीकरण करना था।

पहले, रेलवे की कैटरिंग और टिकटिंग सेवाएं पारंपरिक ढंग से संचालित होती थीं, लेकिन IRCTC ने इन्हें आधुनिक और सुविधाजनक बनाने के लिए कई कदम उठाकर भारतीय रेलवे की सेवाओं में व्यापक सुधार किए हैं और यात्रा के अनुभव को आधुनिक और सरल बना दिया है। यह भारतीय रेलवे के सबसे प्रमुख और लाभकारी संगठनों में से एक है।

IRCTC (Indian Railway Catering and Tourism Corporation) अपने CSR (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) प्रयासों के तहत पर्यावरणीय स्थिरता और पशु कल्याण के विभिन्न कार्यों में शामिल है, जिनका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जैव-विविधता के संवर्धन और सामुदायिक सेवाओं के विकास में योगदान देना एवं पर्यावरणीय स्थिरता और पशु कल्याण को बढ़ावा देना है।

सेवा के इसी क्रम को जारी रखते हुए IRCTC ने CSR के तहत एक पशु एम्बुलेंस एवं गौवंशों के पोषण और स्वास्थ्य हेतु हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र को सहयोग किया है, जिसके माध्यम से घायल गायों एवं अन्य पशुओं को आसपास के क्षेत्रों से समय पर हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र के पशु चिकित्साल में इलाज के लिए लाया जा सकेगा, जहां उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। इस सुविधा से गौवंशों के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होगा।



## राधा गोविन्द धाम :




# श्री कृष्ण गौसेवा संस्था

**श्री ओम प्रकाश जी मोदी** द्वारा समर्थित 200 गौवंशो क्षमता का 120 Feet X 90 Feet के कुल पांच अत्याधुनिक बाड़ों का निर्माण कराया जा रहा है! यहाँ प्रत्येक बाड़े में 200 गौवंशो हेतु चारे के लिए ठान एवं पानी के लिए खेल का निर्माण कार्य प्रगति पर है!

## CMD ओके प्लस बिल्डर्स & डेवलपर्स







## नंदी शाला :




# ओम प्रमिला स्टॉक्स प्रा. लि.

के सौजन्य से, नंदीशाला में नंदियो के लिए 288 फीट लम्बाई की पक्की चारे की ठान निर्माण कार्य सम्पूर्ण ! इस निर्माण कार्य से न केवल चारे की आपूर्ति में सुधार हुआ है बल्कि इससे नंदीशाला का प्रबंधन और गौवंशों की सेवा और भी प्रभावी रूप से हो पा रही है! इस महान सहयोग के लिए हिंगोनिया परिवार की ओर से ओम प्रमिला स्टॉक्स प्रा. लि. को कोटि कोटि धन्यवाद, भगवान श्री कृष्ण एवं गौमाता का आशीर्वाद आप पर सैदेव बना रहे!

## चारे की ठान का कार्य सम्पूर्ण हुआ!









## RKPC वेलफेयर ट्रस्ट : नये शेड निर्माण का भूमि पूजन




# ब्रह्मा सदन :

## राजकंवर प्रकाश चंद्र अग्रवाल ट्रस्ट द्वारा नव निर्माण

**कच्चा फ़र्श : 64,400 Sqft | चारा ठान : 476 Rft | क्षेत्रफल : 75,000 Sqft | वृक्ष ट्री गार्ड सहित : 82**
**पक्का फ़र्श : 8,500 Sqft | पेयजल : 18,000 Ltr | शेड : 10,600 Sqft | कुल लाभान्वित गौवंश : 500**

### भूमि पूजन सम्पन्न

RKPC ट्रस्ट द्वारा पूर्व में निर्मित विष्णु सदन का उपयोग कर 500 गौवंश अपने नए सदन में सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आवास में रह रहे हैं! इस सफल निर्माण के पश्चात अब ट्रस्ट द्वारा एक नए शेड ब्रह्मा सदन के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गौशाला के विकास के लिए अतिरिक्त संरचनाओं का निर्माण करना है, जो गौवंश की बेहतर देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। भूमि पूजन में ट्रस्ट के सदस्यों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और समुदाय के लोगों ने भाग लिया।





# "सिरोही साथी हाथ बढ़ाना" ग्रुप द्वारा गौसेवा :




"सिरोही साथी हाथ बढ़ाना" ग्रुप, जो सिरोही जिले के परिवारों द्वारा संचालित है, ने हिंगोनिया गौशाला में गौमाता की सेवा में समर्पित भाव से काम किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी गौभक्तों के सहयोग से गौवंशों को हरा चारा खिलाया और गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रसादी का आनंद भी समूह के सदस्यों ने मिलकर उठाया।

यह ग्रुप पिछले 10 वर्षों से निरंतर गौसेवा के क्षेत्र में कार्यरत है, और भगवान श्रीकृष्ण के आशीर्वाद से इसमें जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस तरह के सेवाभाव वाले कार्यक्रम समुदाय में सेवा, समर्पण और भक्ति की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।













गौसेवा विडियो देखने के लिए नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन करें!

# फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन




हिंगोनिया गौशाला में कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए एक फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य न केवल गौशाला के कार्यकर्ताओं की सेहत की देखभाल करना था, बल्कि उनके परिवारों को भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। इस तरह के स्वास्थ्य कैंप से न केवल कर्मचारियों और उनके परिवारों को लाभ होता है, बल्कि यह समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का भी काम करते हैं।







## गौसेवकों द्वारा गौसेवा :




गौसेवा में भाग लेने से व्यक्ति को आध्यात्मिक संतोष का अनुभव होता है, और यह प्राचीन भारतीय संस्कृति में गौरक्षा और गौसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने का एक सुंदर प्रयास है। हिंगोनिया गौशाला में जाकर सेवा करना एक ऐसा अनुभव है जो गौमाता का आशीर्वाद प्राप्त करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मकता और सेवा-भावना का प्रसार करता है।

अगर आप भी इस सेवा का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो हिंगोनिया गौशाला आकर गायों की सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं।





# प्रसादम :



हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में काम करने वाले कार्यकर्ताओं, श्रमिकों एवं उनके परिवारजनों को प्रसाद का वितरण प्रतिदिन होने वाली एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, जो उनकी मेहनत और समर्पण के प्रति स्वयं भगवान कृष्ण द्वारा दिए गए किसी प्रसाद को प्रकट करती है।

इस प्रसाद वितरण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को न केवल उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया जाता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि वे अपनी सेवा के बाद संतोष और आनंद का अनुभव करें। सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण करना समाज में एकता और भाईचारे की भावना को भी बढ़ाता है।







हिंगोनिया गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों के भोजन व्यवस्था के लिए आपके सहयोग की आवश्यकता है। यहाँ दिन-रात गौ-सेवा में लगे इन कर्मठ कर्मचारियों के लिए भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। आपका छोटा-सा योगदान भी इन कर्मचारियों की सहायता में बड़ा योगदान दे सकता है और उनके लिए भोजन की व्यवस्था को निरंतर बनाए रखने में सहायक हो सकता है। हम आपसे निवेदन करते हैं कि इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग दें और गौ-सेवा में जुटे इन मेहनती कार्यकर्ताओं के लिए भोजन व्यवस्था में हमारी मदद करें।

# बाल गोपाल रेस प्रतियोगिता आयोजन




हिंगोनिया गौशाला में "बाल गोपाल रेस" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों और युवाओं के लिए खासतौर पर आयोजित किया गया था! रेस में अन्य स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया था एवं विजेताओं को पुरस्कार और उपहार प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में उत्साह और आनंद की लहर दौड़ गई।

इस रेस ने न केवल बच्चों को एक मंच दिया, बल्कि समुदाय के सदस्यों को भी एकजुट होकर इस आयोजन का आनंद लेने का अवसर प्रदान किया।



विडियो देखने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें!



## Winners of the Race:



# मीडिया न्यूज़




विडियो देखने के लिए दिए गए QR कोड को स्कैन करें!



जयपुर 26-10-2024

धर्म . समाज . संस्था

दैनिक भास्कर जयपुर, शनिवार 26 अक्टूबर, 2024 4

ईको-फ्रेंडली दीपावली • हिंगोनिया गोशाला की पहल; गोबर के दीपकों से हर घर होगा रोशन, जलने के बाद खाद के रूप में होगा उपयोग

## शहर के 250 वार्डों में मिट्टी व गोबर से बने 2 लाख 50 हजार दीपक बांटेंगे

भास्कर न्यूज़ | जयपुर

दीपावली पर्व नजदीक आने के साथ ही शहर के मुख्य बाजारों में रौनक बढ़ने लग गई है। बाजारों में खरीदारी के लिए ग्राहकों का तांता लगने लगा है। लोग घर के सजावटी सामानों की खरीदारी करने में जुट गए हैं। शहर में घर-घर दीपोत्सव मनाया जाएगा, जिसके लिए मिट्टी के बने दीपकों की मांग बढ़ने लग गई है। ग्राहकों के स्वागत के लिए शहर के सभी बाजारों में सजावट हो चुकी है।

वहीं, हिंगोनिया गोशाला में गाय के गोबर से दीपक बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। हिंगोनिया गोशाला के कार्यक्रम समन्वयक रघुपति दास ने बताया है कि गोशाला की ओर से ईको-फ्रेंडली दीपावली मनाई जाएगी। अभी गाय के गोबर से दीपकों का उत्पादन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार गाय के गोबर का विशेष महत्व है। इसे पवित्र और शुभ माना जाता है। गोशाला में 18 हजार से अधिक गोवंश है, ऐसे में गाय के गोबर से गोकाष्ठ के साथ-साथ दीपक भी बनाए जा रहे हैं।

नगर निगम ग्रेटर और हेरीटेज के साथ मिलकर हिंगोनिया गोशाला की ओर से शहर के 250 वार्डों में 2 लाख 50 हजार गोमय दीपकों का वितरण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न मंदिरों में भी गोबर से बने दीपकों का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गाय के गोबर से बने दीपक का उपयोग न केवल आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। गाय के गोबर से तैयार दीपक जलने के बाद इसका खाद के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है।

# ECO फ्रेंडली दिवाली एवं उपहार वितरण




ECO फ्रेंडली दीपावली के अवसर पर हिंगोनिया गौशाला में बने, आकर्षक गोबर के दीयों का वितरण गौसेवको को किया गया। हर बार की तरह इस बार भी ये दिये आकर्षण का केंद्र रहे!

इस अवसर पर कर्मचारियों को उपहार और मिठाइयाँ भी दी गईं। यह समारोह न केवल दीपावली की खुशियों को साझा करने का एक तरीका था, बल्कि गौशाला के कर्मचारियों के प्रति सम्मान और उनकी मेहनत की सराहना करने का भी एक अवसर था। सभी ने मिलकर इस पावन पर्व का आनंद लिया।











## श्रील प्रभुपाद का सन्देश :

श्रील प्रभुपाद का सन्देश, जो उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (ISCON) के माध्यम से दिया, मुख्यतः भगवद गीता और श्रीमद्भागवतम के शास्त्रीय सिद्धांतों पर आधारित है। उनका प्रमुख उद्देश्य था कि लोग भौतिक सुख-सुविधाओं से परे जाकर अपनी आत्मा के वास्तविक स्वरूप को समझें और भगवद्भक्ति में लीन होकर जीवन के परम लक्ष्य की प्राप्ति करें। उन्होंने समझाया कि मनुष्य का असली उद्देश्य कृष्ण-प्रेम में बढ़ना और भौतिकता के बंधनों से मुक्त होकर भगवत-प्राप्ति की ओर बढ़ना है।

उनका सन्देश है कि जीवन को परमात्मा की सेवा में अर्पित करना चाहिए।
इसके लिए उन्होंने चार प्रमुख मार्गदर्शक सिद्धांत दिए:
- मांसाहार का त्याग
- नशीले पदार्थों का परित्याग
- जुआ से दूर रहना, और
- अनैतिक यौन संबंधों से बचना

श्रील प्रभुपाद के अनुसार, संसार में शांति और स्थायित्व तभी आ सकता है जब व्यक्ति आध्यात्मिक जीवन को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाए और ईश्वर के प्रति अपनी निष्ठा और प्रेम को प्रकट करे।

– श्रील प्रभुपाद



## अपनी गौसेवा की झलकियों को हमारे साथ सोशल मीडिया पर शेयर करें, और गौ सेवा की प्रेरणा दें!

# हमें टैग करें!









# गौ सेवा तालिका

| क्र. | सेवा विवरण | ₹ |
|---|---|---|
| 1 | हरा चारा ट्राली | 5,100 |
| 2 | 1 TMR चारा (सूखा+हरा+बाँट) | 7,500 |
| 3 | 1 गाय की 1 वर्ष की सेवा | 12,000 |
| 4 | गौदान | 21,000 |
| 5 | हरे चारे का ट्रक | 51,000 |
| 6 | सूखे चारे का ट्रक | 1,08,000 |

*हरा चारा (2.5₹/Kg)

## ACCOUNT DETAILS:

**A/C Name:** Sri Krishna Balram Seva Trust
**A/C Number:** 2281221641901461
**IFSC Code:** AUBL0002216

**Branch Name:**
AU Small Finance Bank, Pratap Nagar, Jaipur

## QR CODE:





# हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे, हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे

हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करने के अनेक लाभ हैं। इस मंत्र को "महामंत्र" कहा गया है क्योंकि यह आत्मा को शुद्ध करने और मन को शांत करने में बहुत प्रभावी है।


SKBT
SRI KRISHNA BALRAM
SEVA TRUST
to Donate, please visit
www.hingonia.org
Contact | +91 9257020721
HINGONIA COW
REHABILITATION CENTRE
Serving 18,000 + cows